पंजाब केसरी 18-09-2025

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व एक प्रकाशस्तंभ : जसवंत राय जैन



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाते प्राचार्य डा. रोहित दत्त एवं अन्य। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 17 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त, प्राध्यापकों व छात्रों द्वारा केक काटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। तत्पश्चात राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान और आत्मनिर्भर भारत के विजन को विशेष रूप से रेखांकित किया गया।

इस मौके पर जी.एम.एन. कॉलेज ट्रस्ट व मैनेजमैंट सोसायटी के चेयरमैन जसवंत राय जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व एक प्रकाशस्तंभ है, जो अंधकार में रास्ता दिखाता है और निराशा में उम्मीद जगाता है। उनका नेतृत्व और समर्पण देश के लिए एक आदर्श है। जी.एम.एन. कॉलेज के प्रधान डा. गुरदेव सिंह ने छात्रों और संकाय सदस्यों से प्रधानमंत्री के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया और अनुशासन, सेवा तथा देशभक्ति के मूल्यों को अपनाने पर बल दिया। कॉलेज प्रबंधक कमेटी के महासचिव अजय अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष आलोक गुप्ता ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, समर्पण और राष्ट्रीय विकास व जनकल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की।

कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने प्रधानमंत्री का जीवन और कार्य हमें निरंतर प्रेरणा देते हैं। उनकी दूरदर्शी सोच, अथक मेहनत और जनसेवा का समर्पण हर भारतीय के जीवन को संवार रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाएं जैसे मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत अभियान, जन-धन योजना, आयुष्मान भारत, डिजिटल इंडिया, स्मार्ट सिटी मिशन, उज्ज्वला योजना और स्टार्टअप इंडिया के बारे में जानकारी दी कि किस प्रकार ये योजनाएं न केवल अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही हैं, बल्कि गरीब, किसान, महिला और युवाओं के जीवन में खुशियां एवं उम्मीदें लेकर आई हैं।